पंचदश बिहार विधान सभा

षोडश सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-20 बृहस्पतिवार, दिनांक-09 अप्रील, 2015 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.10 बजे अपराह्न तक ।

[1] प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 01 अल्पसूचित प्रश्न दिनांक-16.04.2015 के लिए स्थगित ।

(ii) 16 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iii) 07 तारांकित प्रश्न अपृष्ट ।

(iv) 01 तारांकित प्रश्न संख्या-1248, ग्रामीण विकास विभाग में स्थानान्तरित ।

(v) 02 तारांकित प्रश्न स्थगित ।

(vi) 81 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-

(i) माननीय सदस्य श्री ललित कुमार यादव का गृह (आरक्षी) विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा इसके उत्तर के लिए सरकार द्वारा समय लिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य डा० रामानन्द यादव एवं अन्य सभासदों का जल संसाधन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा इसके उत्तर के लिए सरकार द्वारा समय लिया गया ।

[3] अन्य चर्चाएँ :-

माननीय नेता विरोधी दल श्री नन्द किशोर यादव द्वारा बिहार विधान मंडल के मुख्य प्रवेश द्वार के प्रतिबंधित क्षेत्र में कथित पुलिस लाठी चार्ज तथा माननीय सदस्य श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी द्वारा नियोजित शिक्षकों पर लाठी चार्ज किये जाने पर सरकार से वक्तव्य की माँग की गई ।

आसन के निदेश पर माननीय संसदीय कार्यमंत्री ने सरकार की ओर से उपर्युक्त दोनों कथित घटनाओं का संज्ञान लिया । परन्तु भा०ज०पा० के सदस्यों द्वारा सरकार से तुरंत वक्तव्य की माँग की जाने लगी एवं शोरगुल करते हुए वेल में आ गए ।

आसन द्वारा बार-बार शांत रहने और अपने सीट पर जाकर अपनी बात कहने के अनुरोध के बावजूद सदन में शांति कायम नहीं हो सकी और सभा की कार्रवाई 2.00 बजे अप० तक के लिए स्थगित हुई ।

भोजनावकाश के बाद

समय 2.00 बजे अप० से 5.00 बजे अप० तक ।

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

[4] वित्तीय कार्य :-

वित्तीय वर्ष 2015-16 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की माँगों (लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, वित्त विभाग, वाणिज्य-कर विभाग तथा पेंशन) पर वाद-विवाद एवं मतदान :-

माननीय प्रभारी मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, श्री दामोदर रावत द्वारा लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग से संबंधित अनुदान की माँग का प्रस्ताव सदन में प्रस्तुत किया गया ।

मा० सदस्य श्री अरूण शंकर प्रसाद द्वारा लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग से संबंधित अनुदान की माँग पर विचार-विमर्श हेतु कटौती का प्रस्ताव सदन में प्रस्तुत किया गया एवं अपना पक्ष रखा गया ।

(इस अवसर पर माननीय अध्यासी सदस्य श्री राम नारायण मंडल द्वारा आसन ग्रहण किया गया)

वाद-विवाद में निम्नांकित मा० सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री मनोहर प्रसाद सिंह
(ii) श्री कन्हैया कुमार
(iii) श्रीमती रजिया खातुन
(iv) श्री रणधीर कुमार सिंह
(v) श्री दिनकर राम
(vi) डा० अरूण कुमार
(vii) श्रीमती भागीरथी देवी
(viii) श्री प्रदीप कुमार
(ix) श्री मो० आफाक आलम
(x) श्री दुर्गा प्रसाद सिंह
(xi) श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(xii) श्री रत्नेश सादा
(xiii) श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन

माननीय प्रभारी मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, श्री दामोदर रावत द्वारा सरकार की ओर से वाद-विवाद का उत्तर दिया गया ।

''सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर विपक्ष के सभी माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए ।''

तत्पश्चात् माननीय सदस्य श्री अरूण शंकर प्रसाद का कटौती प्रस्ताव सदन द्वारा अस्वीकृत हुआ तथा लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग से संबंधित अनुदान की माँग का मूल प्रस्ताव ध्वनिमत से स्वीकृत हुआ ।

[5] निवेदन :-

आसन द्वारा घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल-13 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएँगे ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक शुक्रवार, दिनांक- 10 अप्रील, 2015 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिये स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-09 अप्रील, 2015

हरेराम मुखिया
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।